# कार्यकर्ता गढ़ने की पद्धति है प्रशिक्षण वर्ग : मुख्यमंत्री

## भाजपा कार्यकर्ता हर कठिनाई से निकलकर राष्ट्र की सेवा के कार्यों में रहता है तत्पर

**भोपाल, 5 अप्रैल.मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को भोपाल जिले की नरेला विधानसभा के स्वामी विवेकानंद मंडल, भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने शहीद भगत सिंह मंडल के प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित किया.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग अंदर के विकास को समाप्त कर कार्यकर्ताओं को गढ़ने की पद्धति है.भाजपा कार्यकर्ता भगवान श्रीराम और हनुमान जी के भक्त हैं.वह हर कठिनाई से निकलकर राष्ट्र की सेवा के कार्यों में सदैव तत्पर रहते हैं.जम्मू-कश्मीर में





पहले केसर की खेती होती थी.कांग्रेस पार्टी की केंद्र सरकार ने जब जम्मू-कश्मीर में धारा 370 लगा दिया, उसके बाद से वहां खून बहाना शुरू हुआ.धारा 370 हटने के बाद वहां खून-खराबा फिर बंद हो गया.कांग्रेस राम मंदिर निर्माण को लेकर तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति हमेशा करती रही है.भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के कौशल को निखारने और सीखने के लिए आवश्यक होता है.संगठन शक्ति में भाजपा की सफलता और राष्ट्र उत्थान का हित निहित है.भाजपा का लक्ष्य सत्ता प्राप्त करना नहीं नहीं, बल्कि समाज के सभी वर्गों का कल्याण व उत्थान करना है. मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा की राजनीति करती है. जो देश के हर वर्ग के कल्याण और समृद्धि के लिए समर्पित है.

### डॉ. मुखर्जी ने धारा 370 हटाने के लिए अपना बलिदान दे दिया : यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश के आजाद होने के बाद जम्मू-कश्मीर में धारा-370 लगाकर देश से अलग कर विशेष राज्य का दर्जा देने का षड्यंत्र किया गया। धारा-370 लगाए जाने के कारण जम्मू-कश्मीर देश के बाकी राज्यों से भिन्न हो गया.जनसंघ के संस्थापक और हमारी पार्टी के पितृ पुरूष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने सबसे पहले भांप लिया था कि जम्मू-कश्मीर में धारा-370 लगाने का निर्णय गलत है.उन्होंने धारा-370 लगाने का विरोध किया और तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया.डॉ. मुखर्जी जम्मू-कश्मीर से धारा-370 हटाने का विरोध करते हुए अपना बलिदान दे दिया.उन्होंने कहा कि बंगाल का विभाजन ही हिंदू-मुस्लिम के आधार पर हुआ था.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा देश का समग्र विकास का कार्य कर रही है, जबकि कांग्रेस पार्टी आज भी हिंदू-मुस्लिम भाइयों को आपस में उलझाकर वोट बैंक की राजनीति कर रही है.

# दो राज्यों को सांस्कृतिक डोर से जोड़ेगा नया फोरलेन बायपास : यादव

- गडकरी ने दी प्रदेश को नई सौगात
- सीएम ने पीएम और गडकरी के प्रति जताया आभार



**भोपाल, 5 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश को दिन-प्रतिदिन नई-नई सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त किया है.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा मध्यप्रदेश (ज़िला निवाड़ी) और उत्तरप्रदेश (ज़िला झाँसी) राज्यों में, झांसी के लिए 15.5 किमी लंबाई के 4-लेन वाले दक्षिणी बायपास के निर्माण और बंगाय खास से ओरछा तिगेला तक राष्ट्रीय राजमार्ग-44 और राष्ट्रीय राजमार्ग-39 को जोड़ने वाली लिंक रोड के लिए 631.73 करोड़ रुपए की लागत के साथ स्वीकृति दी गई है.

यह बायपास और लिंक रोड दो बड़े प्रदेशों के नागरिकों को एक सांस्कृतिक डोर से हमेशा के लिए जोड़ देगा.

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री गडकरी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग-27 (पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर), राष्ट्रीय राजमार्ग-44 (उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर), राष्ट्रीय राजमार्ग-39, राष्ट्रीय राजमार्ग-539, राष्ट्रीय राजमार्ग-552 इन पाँच राजमार्गों के जंक्शन पर स्थित है, जिसके कारण शहर के भीड़भाड़ वाले मुख्य इलाके से होकर गुज़रने वाले ट्रैफिक में भारी बढ़ोतरी होती है.

> झांसी में एक नया औद्योगिक शहर भी बसाया जा रहा है, जहां भारी माल ढुलाई की जरूरत होगी. उन्होंने कहा कि दक्षिणी बायपास झांसी के आसपास से गुज़रने वाले शहरों के बीच के ट्रैफिक के लिए एक निर्बाध रास्ता बनाएगा, जिससे शहर के अंदर यात्रा का समय कम होगा और शहर में ट्रैफिक का दबाव घटेगा. इससे प्रायद्वीपीय भारत, मध्य भारत और पूर्वी भारत के बीच, झांसी से होकर गुज़रने वाले पाँच राष्ट्रीय राजमार्गों के रास्ते माल की आवाजाही में लगने वाला समय भी कम होगा. यह बायपास ओरछा तिगेला पर खत्म होता है, जो यूनेस्को की संभावित विश्व धरोहर सूची में शामिल है और जहाँ जहाँगीर महल, राम राजा मंदिर और बेतवा वन्यजीव अभयारण्य स्थित हैं. हाइवे तक बेहतर पहुंच से इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था और विकास को भी गति मिलेगी.

# टीईटी के विरोध में शिक्षक संघ आज विधायक को देगा ज्ञापन

**बैरसिया, 5 अप्रैल. टीईटी के विरोध में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष छत्रबीर सिंह राठौड़, प्रांतीय महामंत्री राकेश गुप्ता और जिलाध्यक्ष नागेश पांडे के निर्देशन में शिक्षक संघ 6 और 7 अप्रैल को सभी जिलों में सांसद, विधायक को ज्ञापन देगे.**

ज्ञापन के माध्यम से सरकार से टीईटी के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करने का अनुरोध किया जाएगा. सोमवार को बैरसिया तहसील अध्यक्ष दिनेश शुक्ला के नेतृत्व में विधायक विष्णु खत्री को ज्ञापन दिया जाएगा. शुक्ला का कहना है कि 25 से 30 वर्ष की सेवा दे रहे शिक्षकों को पात्रता परीक्षा लिए



जाने के खिलाफ ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज करायेंगे. सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार 2010 के पहले नियुक्त शिक्षकों के लिए जो टीईटी अनिवार्य की गई है. वह उचित नहीं है क्योंकि आरटीई कानून 2010 में आया, अत: कोई भी कानून आने के बाद लागू होता है न की पहले से. कई राज्यों की सरकार जिसमें ने सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की है.

### विद्युत प्रवाह बाधित होने पर उपभोक्ताओं को तुरंत एसएमएस से करें सूचित : तोमर

**भोपाल.** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सभी विद्युत वितरण कंपनियों के प्रबंध संचालकों एवं मैदानी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ओलावृष्टि और अतिवृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदाओं में विद्युत अवरोध होने पर प्रभावित क्षेत्र के उपभोक्ताओं को तुरंत कारण सहित मैसेज कर सूचित करें.साथ ही उन्हें यह भी सूचित करें कि कितने समय में विद्युत आपूर्ति बहाल की जा सकेगी. तोमर ने कहा है कि सामान्य दिनों की तुलना में प्राकृतिक आपदाओं के समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए.उल्लेखनीय की गत दिनों ग्वालियर एवं बैतूल में ओलावृष्टि और तेज हवाओं से विद्युत प्रवाह बाधित हुआ था।

# किसानों को मदद करेगी सरकार

## भाजपा संगठन और सरकार उनके साथ खड़ी है : खंडेलवाल

**भोपाल, 5 अप्रैल. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि मध्यप्रदेश के किसान चिंता न करें. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों की हर संभव सहायता करेगी. भाजपा संगठन और सरकार किसानों के साथ है.**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री खंडेलवाल ने हाल ही में प्रदेश के विभिन्न जिलों में आई आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रभावित जिलों के कलेक्टर्स को निर्देश दिए हैं कि नुकसान का सर्वेक्षण कराकर क्षति का त्वरित आंकलन करें. सरकार किसानों को हरसंभव मदद करेगी.

### किसानों के कल्याण के लिए भाजपा सरकार संकल्पित

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि मध्यप्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संकट की इस घड़ी में किसानों को शीघ्र राहत राशि उपलब्ध कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए हैं। कई जिलों में किसानों को राहत रिश उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है.उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का संकल्प है कि कोई भी किसान कठिनाई का सामना न करे.संकट में हमारी सरकार पूरी तरह से किसानों के साथ खड़ी है और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए हर कदम उठा रही है. उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा किसानों के हितों के लिए कार्य किया है.मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में हमारी सरकार इस संकट से भी किसानों को पूरी तरह से निकालने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है.

# महानाट्य के जरिये सांस्कृतिक सेतु का निर्माण

## वाराणसी में मप्र की संस्कृति, पर्यटन, कला और व्यंजनों की दी जानकारी

**भोपाल, 5 अप्रैल. विक्रमोत्सव 2026 के तहत उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य के सुशासन और न्यायप्रियता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 3 से 5 अप्रैल तक यूपी के वाराणसी में महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य का मंचन किया गया.**

इस दौरान मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड के स्टॉल्स के अंतर्गत प्रदेश की संस्कृति, पर्यटन, कला और स्थानीय व्यंजन की विविध झलक एक ही स्थान पर देखने को मिली. इन स्टॉल्स ने काशीवासियों और पर्यटकों को मप्र से जुड़ने का एक अलग अनुभव दिया. स्टॉल्स में मप्र के प्रमुख पर्यटन स्थलों की



जानकारी देने के लिए एक विशेष 'पर्यटन जानकारी पवेलियन' बनाया गया था, जहां खजुराहो, सांची, ओरछा और महेश्वर सहित अन्य स्थानों के बारे में लोगों को विस्तार से बताया जा रहा था.प्रदर्शनी के माध्यम से बुंदेलखंडी पेंटिंग्स, महानाट्य के माध्यम से - जनजातीय कला और हैंडलूम-हैंडीक्राफ्ट को भी प्रदर्शित किया गया. महाकालेश्वर से जुड़े आध्यात्मिक अनुभवों को भी डिजिटल माध्यम से प्रस्तुत किया गया, जिसने लोगों को विशेष रूप से आकर्षित किया. कार्यक्रम के दौरान मप्र और उत्तर प्रदेश के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू साइन किया गया, जिसकी थीम 'मां गंगा से नर्मदा तक' रखी गई. इस पहल का उद्देश्य काशी विश्वनाथ से महाकालेश्वर तक सांस्कृतिक और धार्मिक जुड़ाव को मजबूत करना है, ताकि दोनों राज्यों के बीच पर्यटन को बढ़ावा मिल सके और लोग एक-दूसरे के राज्य की यात्रा के लिए प्रेरित हों.

### रोक के बाद भी धड़ल्ले से हो रहा है ट्यूबवेल खनन

**बेगमगंज, 5 अप्रैल.** कलेक्टर द्वारा ट्यूबवेल खनन पर रोक लगाए जाने के बाद भी बेगमगंज तहसील में लगातार धड़ल्ले से खनन चल रहा है. ग्राम पांडाझिर में गत दिवस खनन कराया गया है और आज भी कलेक्टर के आदेश को धता बताते हुए तुलसीपार क्षेत्र में ट्यूबवेल खनन मशीनों द्वारा धड़ल्ले से किया जा रहा है. जिम्मेदार अधिकारी उसको रोकने में असमर्थ हैं. राजस्व अधिकारी एवं पटवारियों की जानकारी में होने के बावजूद अवैध रूप से चल रहे खनन नहीं रुक रहे हैं. किसानों द्वारा अपने-अपने खेतों में ट्यूबवेल खनन कराए जा रहे हैं, तहसील में जलस्तर के गिरने से प्रतिवर्ष गर्मियों में पेयजल समस्या होने के कारण कलेक्टर द्वारा सख्ती से खनन पर रोक लगाई गई है.

# कविता के केंद्र में लोक कल्याण आवश्यक

- साहित्यकार कुमार सुरेश ने लोकार्पण समारोह में कहा

**भोपाल, 5 अप्रैल. कविता स्वानताय सुखाय भले लिखी जाए परन्तु जब उसे लोक को अर्पित कर दिया तो फिर वह कवि की नहीं लोक की हो जाती है. अत: कविता के केंद्र में लोक कल्याण का भाव होना आवश्यक है.**

यह उद्गार वरिष्ठ साहित्यकार कुमार सुरेश ने साहित्यकार संदीप नेमा 'दीप' के कविता संग्रह 'मनसुख' के लोकार्पण समारोह में व्यक्त किए. कुमार सुरेश ने दुष्यंत कुमार पाण्डुलिपि संग्रहालय में आयोजित कार्यकम की अध्यक्षता की. मुख्य अतिथि उपायुक्त केंद्रीय विद्यालय संगठन



शाहिदा परवीन ने कहा कि कविता केवल शब्दों का संयोजन नहीं बल्कि भावों की अभिव्यक्ति है. प्रस्तुत संग्रह में जीवन के विविध अनुभवों की झलक कविता के रूप में दिखाई देती है. रचनाकार संदीप नेमा ने अपनी सृजन यात्रा के अनुभव साझा करते हुए संग्रह से कुछ चुनिंदा कविताओं का वाचन किया. इस पुस्तक पर केंद्रित विमर्श में भाग लेते हुए वरिष्ठ साहित्यकार दीपक पगारे ने कहा की इन कविताओं में आशावाद है, सहज सरल शिल्प में बुनी गई भाव प्रधान कविताएं हैं. दूसरे समीक्षक मनोज जैन मधुर ने कहा कि यह कविताएं कवि के अनुभव से उपजी कविताओं का संग्रह है. संचालन वरिष्ठ साहित्यकार घनश्याम मैथिल अमृत ने किया. स्वागत उद्बोधन रजनीश सक्सेना ने दिया.

# सबके साथ से ही संभव सिकलसेल का उन्मूलन

## राज्यपाल ने सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान किया

**भोपाल, 5 अप्रैल. राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन प्रयासों को जन-आंदोलन बनाना होगा. उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र को अपनाकर ही इस अनुवांशिक बीमारी से समाज को मुक्त किया जा सकता है.**

राज्यपाल पटेल रविवार को बदनावर के सिविल अस्पताल के नवीन भवन के आभासी माध्यम से लोकार्पण के बाद मेगा स्वास्थ्य शिविर को संबोधित कर रहे थे.

राज्यपाल पटेल ने कहा है कि सिकल सेल उपचार के विषय मे भ्रामक जानकारियों से भ्रमित नहीं हो. सिकल सेल उपचार के प्रति




किसी भी प्रकार की भ्रांति नही पालें. केवल पंजीकृत चिकित्सकों के परामर्श के अनुसार ही दवाइयों का नियमित सेवन करें.उन्होंने जोर देकर कहा कि इस बीमारी को निरंतर उपचार और सही जानकारी के माध्यम से ही नियंत्रित किया जा सकता है.उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 1 करोड़ 31 लाख से अधिक जांचें की जा चुकी हैं.जनजातीय क्षेत्रों में विशेष रूप से जागरूकता बढ़ाने के लिए सिकल सेल मित्र तैयार किए जा रहे हैं, जो इस मिशन में सेतु का कार्य करेंगे.स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक बनाते हुए मरीजों के लिए डिजिटल कार्ड की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है.

### बेगमगंज में ओलावृष्टि और आंधी से हुई बर्बादी

**बेगमगंज, 5 अप्रैल.** बेगमगंज विकासखंड के ग्राम बेरखेड़ी जोरावर सहित आसपास के दर्जनों गांवों में शनिवार करीब शाम आंधी तूफान ने तबाही मचा दी. आंधी के साथ ओलावृष्टि भी हुई. बारिश, आंधी से लोगों के घरों के छप्पर शेड उड़ गए. फसलें बर्बाद हो गईं. सर्वे न होने से किसानों में आक्रोश है. पीड़ितों ने प्रशासन से शीघ्र सर्वे कराकर मुआवजा देने की मांग की है. ग्राम बेरखेड़ी जोरावर निवासी दिनेश यादव, शकील खान ने बताया कि शनिवार शाम करीब 5-6 बजे 15 से 20 मिनट तक बेर से बड़े आकार के ओले गिरे. घरों की छत पर ओले जमा हो गए थे. सड़कों पर भी सफेद चादर सी बिछ गई हो. कुछ देर के लिए जनजीवन भी असामान्य हो गया.

# एमपीईएसबी ने फिर बदली अहम परीक्षा की तारीख

**भोपाल, 5 अप्रैल. मप्र कर्मचारी चयन मंडल (एमपीईएसबी) एक बार फिर सुर्खियों में है। अब इसकी भर्ती परीक्षाओं की बार बार बदलती तिथियों को लेकर चर्चा चल रही है। इससे मप्र कर्मचारी चयन मंडल (एमपीईएसबी) का कैलेंडर बुरी तरह बिगड़ गया है.** शेड्यूल के बाद भी परीक्षा की तारीखों में बार-बार बदलाव हो रहा है। इससे मप्र कर्मचारी चयन मंडल की परीक्षाओं में सम्मिलित होनेवाले लाखों अभ्यर्थी असमंजस में हैं.हाल ही में मप्र कर्मचारी चयन मंडल (एमपीईएसबी) की पुलिस मुख्यालय के अंतर्गत सूबेदार व उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा-2025 की मुख्य परीक्षा की तारीख बदल दी गई. पहले यह 9 अप्रेल को तय थी. अब 26 अप्रेल को होगी। मप्र कर्मचारी चयन मंडल (एमपीईएसबी) की यह कोई पहली परीक्षा नहीं है, जिसकी तारीख बदली गई। एमपीईएसबी की 12 परीक्षाओं में से 3 की तारीखें बदली गई हैं।8 की तो अब तक तारीख तय भी नहीं की हैं। मप्र कर्मचारी चयन मंडल (एमपीईएसबी) की परीक्षाओं की तिथियां बदलने से अभ्यर्थी परेशान हो रहे हैं. मंडल की वनरक्षक, क्षेत्ररक्षक, जेल प्रहरी सहायक जेल अधीक्षक के 728 पदों के लिए भर्ती परीक्षा 7 अप्रेल को है.

# सिलवानी में 69 स्वच्छता परिसर नहीं हुए शुरू

**सिलवानी, 5 अप्रैल. शासन ने तहसील में पहले चरण में 30 सामुदायिक स्वच्छता परिसर स्वीकृत किए थे. इनमें से अधिकांश बनकर तैयार हो चुके हैं, तो कुछ अब भी अधूरे पड़े हुए हैं.**

दो चरणों में 3 करोड़ से अधिक राशि की लागत से 69 स्वच्छता परिसर बनाए गए हैं, पर चालू नहीं हुए. ग्रामीण अभी भी खुले में शौच के लिए जाने को मजबूर है. इन परिसरों का कोई फायदा ग्रामीणों को नहीं हो पा रहा है प्रत्येक स्वच्छता परिसरों के निर्माण पर 3.44 लाख रुपए खर्च किए गए हैं. इस हिसाब से 1 करोड़ 3 लाख 20 हजार रुपए इन शौचालयों को बनाने में खर्च कर दिए, लेकिन बिजली, पानी, सफाई की व्यवस्था नहीं होने के कारण यह शोपीस बनकर खड़े हुए हैं, जिससे इनके निर्माण पर खर्च की गई राशि बर्बाद होती दिख रही है. वहीं शासन ने दूसरे चरण में 39 स्वच्छता परिसर बनाने बनाये.

**In The Court of I Additional Motor Accident Claims Tribunal, Seondha ,Datia**

Presiding Officer: भगवानदास राठौर

( आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु )

(MACC/0000027/2023)

देवेन्द्र सिंह.............वादी

Vs

प्रमोद कुमार शर्मा..........अतिवादी

Process Id-15/2026

पेशी दिनांक 07/05/2026

प्रेषिती-

(1) यूनीवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड पता- प्रथम तल ब्लॉक 4 पर्यावास भवन अरेरा हिल्स जेल रोड सचिवालय के पास भोपाल मप्र

यह कि प्रार्थी देवेन्द्र सिंह ने आपके विरूद्ध के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस बाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो बाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 01 April 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है

न्यायालय की मुद्रा

बी. डी. राठौर
न्यायाधीश
प्रथम अतिरिक्त सदस्य
मोटर दुर्घटना दावा अधि.
सेंवढ़ा जिला दतिया (म.प्र)

कृपया ध्यान दें :- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**नववर्ष मेला** — टीटी नगर दशहरा मैदान में चल रहे मेले में एक कलाकार अनेक आवाजें कार्यक्रम

# एक ही गायक ने नौ सिंगर्स की आवाज में बिखेरा जादू

**भोपाल, 5 अप्रैल. नव वर्ष मेला महोत्सव में रविवार शाम वसुंधरा नाइट्स 'सरगम के सितारे' के नाम रही. टीटी नगर दशहरा मैदान में जारी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के क्रम में सुप्रसिद्ध गायिका वसुंधरा रायकवार की लाइव परफॉर्मेंस ने श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया.**

कार्यक्रम 'एक कलाकार अनेक आवाजें' में भोपाल में चार पीढ़ियों से कला साधना करने वाले परिवार की सदस्य वसुंधरा ने फिल्म जगत की 9 मशहूर सिंगर्स की आवाज में उनके



फेमस सॉन्ग की प्रस्तुति दी. इसके साथ ही अन्य कलाकारों ने सुमधुर प्रस्तुति से श्रोताओं के बीच समां बांध दिया. मेला समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता ने सरगम ग्रुप के सभी कलाकारों की प्रस्तुतियों को सराहा और उनका स्वागत किया. 18 अप्रैल तक आयोजित ग्रीष्मकालीन मेले में प्रतिदिन सांस्कृतिक आयोजन किए जा रहे हैं.

लाइव ऑर्केस्ट्रा की शुरुआत में वसुंधरा रायकवार ने शहनाज अख्तर के प्रसिद्ध भजन मोरी मैया की चुनरिया उड़-उड़ जाए से माहौल को भक्तिमय बना दिया.इसके बाद लता मंगेशकर के तेरी धरोहर तेरी निशानी, ऊषा उत्थुप के हरि ओम हरि, आशा भोसले के पिया तो अब तो, सलमा आगा के फिजा भी है जवा जवा, शमशाद बेगम के सैया दिल से आना रे, दम मारो दम, नाम गुम जाएगा, मेरे सपनों की रानी, क्यूं चलती है पवन, डूबा-डूबा रहता हूं, आइए मेहरवां, जानेजा ढूंढता फिर रहा हूं, ओ गाड़ी वाले गाड़ी धीरे चला समेत नूरजहां, गीता दत्त, रेशमा और अन्य मशहूर बॉलीवुड गायकों की आवाज में मेले के सांस्कृतिक मंच पर जादू बिखेरा.

### 8 को होगा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

मेला समिति के संयोजक एवं कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश मिश्रा ने बताया कि टीटी नगर दशहरा मैदान में 6 अप्रैल (सोमवार) को 'एक कलाकार-अनेक प्रतिभाएं' में संजय शर्मा एवं वारुणि शर्मा के सुमधुर गीतों की प्रस्तुति होगी.आगामी 8 अप्रैल को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा.जिसमें देश के मशहूर कवि प्रस्तुति देकर श्रोताओं के दिलों में ऊर्जा का संचार करेंगे.

# सामूहिक विवाह के लिए पंजीयन 18 अप्रैल तक होंगे

**रायसेन. मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत वष जिला स्तरीय कार्यक्रम गोंड गुरूआ बाबा न्यास ग्राम पंचायत धामधूसर तहसील गौहरगंज में 23 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा.इसके लिए पंजीयन 18 अप्रैल तक होंगे.**

जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी ने सामूहिक विवाह के लिए आयोजक जनपद पंचायत सीईओ औबेदुल्लागंज और नोडल अधिकारी मनोज बॉथम उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग को बनाया गया है. सामूहिक विवाह में शामिल होने वाले वर-वधु द्वारा आवेदन फार्म शासन द्वारा निर्धारित पात्रता मापदंड शर्तो के अधीन 18 अप्रैल तक जनपद पंचायत कार्यालय औबेदुल्लागंज में जमा किए जा सकते हैं.

निर्धारित तिथि उपरांत प्राप्त आवेदन मान्य योग्य नहीं होंगे. सामूहिक विवाह हेतु प्राप्त आवेदनों की संख्या शासन द्वारा निर्धारित अधिकतम संख्या 200 से अधिक होने की स्थिति में पहले आओ पहले पाओ के माध्यम से जोड़ो का चयन किया जाएगा.